# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १२ | मुंबई, शुक्रवार, २२ फरवरी से २८ फरवरी २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## काशीमीरा में शख्स ने सड़क पर किया लो इंटेंसिटी धमाका, पुलिस जांच में जुटी

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** काशीमीरा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लो इंटेंसिटी धमाका हुआ. न्यूज़ एजेंसी एनएनआई की खबर के मुताबिक अज्ञात शख्स ने एक विस्फोटक से भरी प्लास्टिक की गेंद को जमीन पर पटका तो उसके बाद धमाका हुआ. इस बात की जानकारी स्थानीय बाइकर्स ने पुलिस को दी. उन्होंने बताया की ठाकुर मॉल के पास यह घटना तकरीबन १० बजे के करीब हुई. वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.



एसपी ठाणे (रुलर) ने बताया कि इस घटना के बाद बम डिटेक्शन और डिस्पोजल टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया है. उन्होने बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और एंटी टेरर स्क्वाड को भी भेजा गया है. फिलहाल शुरुवाती जानकारी के मुताबिक धमाका लो इंटेंसिटी का था. लेकिन घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस के मुताबिक घटनास्थल उन्हें प्लास्टिक की बोतल और लोहे का कुछ छर्रा मिला है. फिलहाल कयास लगाया जा रहा है कि यह कोई देशी बम भी हो सकता है. फिलहाल अभी कोई अधिकारी पुष्टि इस मामले पर सामने नहीं आई है. बता दें कि पुलवामा हमले के बाद से ही देशभर में सुरक्षा इंतजाम को पुख्ता कर दिया गया है. वहीं इस तरह की घटना का सामने अपने आप में कई सवाल खड़े करता है.

## वीडियो बनाने पर बार मालिक ने ग्राहक को नंगा करके पीटा

**आसिफ खान**

**मुंबई :** चेंबूर के एक बार में मोबाइल से शुटिंग करना एक ग्राहक को भारी पड़ गया। ग्राहक को मोबाइल से शुटिंग करते देख बार के कर्मचारियों ने ग्राहक को बार में ही नंगा करके मारना शुरु कर दिया। बार मालिक ने ना सिर्फ उसकी पीटाई की बल्की उसका वीडियों भी सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने बार मालिक के साथ साथ बार चालक और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**क्या था मामला**

गोवंडी इलाके में रहनेवाले ४५ साल के शिकायतकर्ता एक बैंड में ठोलक बजाता है। शिकायतकर्ता को शराब पीने की आदात थी , जिसके कारण वह रोज चेंबूर के राम पंजाब बार में शराब पीने के लिए जाता था। १६ फरवरी को शिकायतकर्ता शराब पीने के लिए गया। उसने अपने मोबाइल पर बार का वीडियों निकाला था। ये बात जैसे ही बार



मालिक को पता चली वैसे ही कर्मचारी और बार मालिक ने उसे पीटना शुरु कर दिया।

दूसरे दिन यानी की १७ फरवरी को शिकायतकर्ता अपना मोबाइल लेने के लिए बार में गया। उस समय भी बार मैनेजर जगदीश शेट्टी, बार चालविणारा सुखदेव पाटील और बार में काम कर रहे लोगों ने उसके साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत पुलिस स्टेशन में की। पुलिस ने २० फरवरी को तीनों के खिलाफ धारा ३९४, ३४१, ३५५, ५०४, ५०६, ३४ आईपीसी के साथ साथ ६७ आयटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## डॉ. संजय राऊत का अपहरण, अपहरणकर्ताओं ने फिरौती में मांगे ५ करोड़ रुपए

**सातारा:** महाराष्ट्र के सातारा जिले स्थित फलटन में पांच करोड़ रुपए की फिरौती के लिए एक डॉक्टर के अपहरण का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की रात जब डॉक्टर संजय राऊत अस्पताल से अपने घर जा रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण कर लिया. अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रूप में ५ करोड़ रुपए की मांग की है. डॉक्टर संजय राऊत को किडनैप करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने उनके अस्पताल में फोन किया और उन्हें छोड़ने के बदले में फिरौती के तौर पर इतनी बड़ी रकम की मांग की है. इस घटना के बाद से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि डॉ. संजय राऊत फलटन के एक मशहूर डॉक्टर हैं. वो सिद्धनाथ अस्पताल में कार्यरत हैं. मंगलवार यानी १९ फरवरी की रात करीब १० बजे वो हर रोज की तरह बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए अस्पताल से निकले थे, लेकिन तभी एक गाड़ी में आए कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनका अपहरण कर लिया. अपहरण के बाद अपहरणकर्ताओं ने डॉक्टर के मोबाइल फोन से सिद्धनाथ अस्पताल में फोन करके उनके अपहरण की जानकारी दी.अपहरणकर्ताओं ने फोन पर बताया कि अगर वो डॉक्टर को सही सलामत छुड़ाना चाहते हैं तो ५ करोड़ रुपए की फिरौती देनी होगी. इस फोन कॉल के बाद से अस्पताल और वहां के कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया है.

गौरतलब है कि पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली वो इस मामले की तफ्तीश में जुट गई. पुलिस ने इस मामले की शिकायत दर्ज कर ली है. फलटन विभाग के पुलिस उपअधीक्षक डॉ. अभिजीत पाटील और पुलिस निरीक्षक दत्तात्रय नाले का कहना है कि उन्होंने इस अपहरण कांड का पर्दाफाश करने के लिए तलाशी अभियान शुरु कर दिया है.

## बेटी के अपहरण मामले में BJP नेता गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में पुलिस ने एक भाजपा नेता को अपने ही बेटी के अपहरण के मामले में २ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। मीडिया से बात करते हुए अतिरिक्त अधीक्षक तन्मय सरकार ने बताया कि रविवार सुबह युवती के डलखोला इलाके में होने का पता चला, जिसके बाद बीरभूम पुलिस ने उत्तर दिनाजपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चला कर युवती को आजाद कराया गया। मामला पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले का है, जहां बीजेपी नेता सुप्रभात



बटबयाल की बेटी को २ लोगों ने गुरुवार को बंदूक के दम पर अगवा कर लिया था।

अतिरिक्त अधीक्षक तन्मय सरकार ने ज्यादा जानकारी देते हुए कहां की हमने दो लोगों के साथ-साथ लड़की के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है और अपहरण के तह तक जाने के लिए लड़की के पिता से पूछताछ की जा रही है। वहीं बीरभूम जिले के पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'हमने आज सुबह दालखोला से लड़की को छुड़ाया। वह ठीक है और हम यह पता लगाने के लिए उससे बात कर रहे हैं कि असल में हुआ क्या था। हमने लड़की के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है, क्योंकि हमें लगता है कि उसने अपहरण में अहम भूमिका निभाई है।'

अपहरण के पीछे की मंशा के बारे में पूछने पर सिंह ने कहा, 'इसके दो पहलू हैं। एक तो पारिवारिक समस्या है और दूसरा यह भी है कि राजनीतिक फायदा लेना इसका मकसद रहा हो। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हम तीनों से पूछताछ कर रहे हैं।' जिला पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि करीब पांच महीने पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़कर BJP में शामिल हुए बटव्याल को शनिवार की रात हिरासत में लिया गया था। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को उसकी बेटी के ठिकाने के बारे में पता चला।

आपको बता दें कि तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से पहले बटबयाल माकपा की जिला कमेटी का सदस्य था। उसकी बेटी के अपहरण के बाद लाभपुर में तनाव की स्थिति बन गई थी। प्रदर्शनकारियों ने तीन दिन से सूरी-कटवा रोड जाम कर रखा था। शनिवार को एक भीड़ ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक मनिरुल इस्लाम की गाड़ी पर हमला किया और उन्हें खदेड़ दिया, जिसकी वजह से उन्हें स्थानीय पुलिस थाने में शरण लेनी पड़ी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। तो वहीं बीजेपी के जिला नेतृत्व ने आरोप लगाया था कि इस अपहरण के पीछे तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुंडों का हाथ है।

## लुका-छिपी खेल में टीचर ने लड़के से की घिनौनी करतूत, हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। आनंद विहार इलाके में एक टीचर को १४ वर्षीय नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि टीचर ने नाबालिग लड़के का उसके में यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को हुई और आरोपी व्यक्ति पिछले कुछ महीनों से किशोर को पढ़ा रहा था। पुलिस के अनुसार ३५ वर्षीय टीचर किशोर को बाथरूम में ले गया और लुका-छिपी खेल के दौरान उसे आपत्तिजनक तरीके से छुआ। पुलिस ने कहा कि किशोर के माता-पिता घटना के समय घर पर नहीं थे। बाद में किशोर ने अपने माता-पिता को इसके बारे में बताया जिन्होंने आनंद विहार पुलिस थाना से संपर्क किया। आरोपी टीचर के खिलाफ बाल यौन शोषण रोकथाम (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।गौरतलब है कि कुछ महीने पहले लड़कों के यौन उत्पीड़न से संबंधित एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि लड़कियों की तुलना में लड़के यौन उत्पीड़न का शिकार ज्यादा होते हैं। देश में अक्सर जब बात बच्चों से यौन उत्पीड़न के मामलों की आती है तो दिमाग में लड़कियों के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की घटनाएं आंखों के सामने उमड़ने लगती हैं, लेकिन इसका एक पहलू कहीं अंधकार में छिप सा गया है।

कुछ महीने पहले आई महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट दर्शाती है कि देश में ५३.२२ फीसदी बच्चों को यौन शोषण के एक या अधिक रूपों का सामना करना पड़ा, जिसमें से ५२.९४ फीसदी लड़के इन यौन उत्पीड़न की घटनाओं का शिकार हुए।

## २५ साल की महिला ने ७ बच्चों को दिया जन्म

### ६ लड़कियों और १ लड़के की गूंजी किलकारी

इराक में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसके बारे में जानकर लोग हैरान है. एक इराकी महिला ने हाल ही में ६ लड़कियां और एक लड़के समेत ७ बच्चों को जन्म दिया है. महिला ने १२ फरवरी को पूर्वी इराक के दियाली प्रोविन्स के एक हॉस्पिटल में एक साथ छह बेटियों और एक बेटे को जन्म दिया. फिलहाल सेप्लेट को जन्म देने वाली २५ वर्षीय महिला के नाम का खुलासा नहीं किया गया है.

बताया जा रहा है कि ७ बच्चों को जन्म देने वाली महिला का स्वास्थ्य अब बेहतर है और बच्चे भी अच्छे हैं. वहीं बच्चों को पिता ने कहा कि उनका फैमली प्लानिंग करने का कोई इरादा नहीं था. लेकिन फिर अब दस बच्चों का खर्च देखना पड़ेगा. जन्म के बाद खींची गई बच्चों की फोटो खिंची गई थी. जब



अब सोशल मीडिया पर इराक ही नहीं बल्कि दुनियाभर में वायरल हो रही है. इससे पहले साल २०१८ में एक महिला ने एक साथ ६ बच्चों को जन्म दिया था.

वहीं अमेरिका में साल १९९७ में एक महिला लोआ में सिजेरियन के बाद सात बच्चों को जन्म दिया था. जिसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने फोन कर महिला को बधाई दी थी. फिलहाल हर कोई बच्चों के लंबी आयु की दुआ कर रहा है. वहीं परिवार भी अपने नए मेहमानों की इस नई दुनिया में स्वागत कर रहे हैं.

## १२ साल की बच्ची के साथ उसकी मां का प्रेमी करता था यौन शोषण, सहयोग करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, ३० साल की एक महिला को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है. महिला पर आरोप है कि उसका प्रेमी उसकी १२ साल की बेटी के साथ यौन शोषण करता था और कथित रूप से वह इसमें सहयोग करती थी. महिला की जमानत याचिका इस हफ्ते विशेष अदालत ने खारिज कर दी थी. बच्ची ने बताया है कि उसके पिता मानसिक रूप से बीमार हैं और मां का किसी दूसरे शख्स के साथ अफेयर है. बच्ची ने बताया कि मां पापा को नींद की गोलियां देती थी. जिसके बाद आरोपी घर पर आता था और रहता था.

आरोपी जब उसके घर आता था तो उसे गलत तरीके से छूता था. साथ ही उसे और उसके भाई को पॉर्न वीडियो दिखाता था. बच्ची ने कहा कि उसने इस बारे में अपनी मां को बताया था लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया. फिर बच्ची ने इसे लेकर अपनी दादी और एक अन्य रिश्तेदार से शिकायत की. जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया गया. बच्ची की मां और उसके प्रेमी को १० जनवरी को गिरफ्तार किया गया था. जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बच्ची की मां ने कोर्ट में कहा कि उसे झूठे आरोप में फंसाया गया है. उसने ये भी दावा किया कि पुलिस को यौन शोषण की सूचना नहीं देने के कारण उसे गिरफ्तार किया गया था बच्ची की मां ने दावा किया कि उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं था. उसने दावा किया कि उसका कोई पिछला क्रिमिनल बैकग्राउंड नहीं है और कभी किसी अपराध में शामिल नहीं रही है. बच्ची की मां ने कहा कि वह परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य है और उसे जमानत पर रिहा करने की जरूरत है. हालांकि अभियोजन पक्ष ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि इस मामले में दोनों बच्चों का बयान मजिस्ट्रेट के सामने रिकॉर्ड कराया गया है. अभियोजन पक्ष ने कहा कि जमानत मिलने के बाद पीड़ित बच्ची की मां होने के नाते वह उसे धमकाएगी.

## अंबानी पर चला कोर्ट का सोंटा, लौटाओ रु. ४५३ करोड़ या जाओ जेल

**मुंबई : जानेमाने उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना सोंटा चलाया है। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और दो अन्य डायरेक्टर्स को एरिक्सन मामले में कोर्ट की अवमानना का दोषी ठहराया गया है। अनिल अंबानी और अन्य दो निदेशकों को एरिक्सन इंडिया को ४ हफ्तों के अंदर ४५३ करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा। यदि वे इस राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो उन्हें ३ महीनों की जेल भी हो सकती है।शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि एक महीने में राशि का भुगतान नहीं होता है तो सभी पर १ करोड़ रुपए का जुर्माना लगेगा और उन्हें १ महीने की जेल भी होगी। आरकॉम के अन्य दो डायरेक्टर जिन्हें अदालत की अवमानना के मामले में दोषी पाया गया है, वे रिलायंस टेलीकॉम के चेयरमैन सतीश सेठ और रिलायंस इंफ्राटेल के चेयरपर्सन छाया विरानी हैं।**

## पुलवामा आतंकी हमला:

### राज ठाकरे ने दी थी चेतावनी, अब टी सीरीज ने पाकिस्तानी सिंगर्स के विरुद्ध उठाया ये ठोस कदम




जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद शनिवार को मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की फिल्म विंग ने म्यूजिक कंपनीज से पाकिस्तानी सिंगर्स के साथ काम न करने की बात कही थी. एमएनएस चित्रपट सेना के अध्यक्ष अमेय खोपकर ने कहा था कि, 'हमने टी-सीरीज, सोनी म्यूजिक, वीनस, टिप्स म्यूजिक जैसी कई इंडियन म्यूजिक कंपनीज से कहा है कि वे पाकिस्तान सिंगर्स के साथ काम करना बंद करें. अब कंपनियों को ऐसा करना बिल्कुल बंद करना होगा वरना हम अपने तरह से से एक्शन लेंगे.'

खबरों की माने तो टी-सीरिज ने राहत फतेह अली खान और आतिफ असलम के साथ दो सिंगल्स का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था. लेकिन अब अमेय खोपकर का कहना है कि उनकी चेतावनी के बाद कंपनी ने यूट्यूब से पाकिस्तानी सिंगर्स के गाने डिलीट कर दिए हैं.आपको बता दें कि साल २०१६ में जब उरी पर अटैक किया गया था, उस समय भी राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने पाकिस्तानी आर्टिस्ट्स को देश छोड़ने के लिए कहा था. पाकिस्तान वापिस जाने के लिए उन्हें ४८ घंटे का समय दिया था. मनसे ने फिल्म प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स से कहा था कि वह अपनी फिल्म किसी भी फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार के साथ काम नहीं करेंगे.




## संपादकीय...

### सरकारी माल, दुकानदार मालामाल

कम कीमत पर मिलनेवाला सरकारी राशन गरीबों में वितरित करने की बजाय ऊंची कीमत पर खुले बाजार में बेच दिया जाता है। इसका खुलासा कई बार हो चुका है। इतना ही नहीं इस गोरखधंधे में लेन-देन के चक्कर में कई अधिकारी नप चुके हैं और कई दुकानों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं इसके बावजूद राशन की दुकानदारों की बहानेबाजी कालाबाजारी पर रोक नहीं लग पा रही है। जांच-पड़ताल में इस बात का खुलासा लगातार हो रहा है। गरीब राशन कार्डधारकों को राज्य सरकार हर महीने सदस्यों की संख्या के हिसाब से राशन मुहैया कराती है। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त दुकानों में बेहद कम कीमत पर चावल, गेहूं तथा दाल आदि उपलब्ध कराई गई अन्य खाद्य सामग्रियों को गरीब राशन कार्डधारकों में वितरित करना होता है पर दुकानदार कार्डधारकों को कभी आधार से अंगूठे के मिलान न होने, नेटवर्क न होने तथा पीओएस मशीन के खराब होने के बहाने कर उन्हें महीने में मिलनेवाले राशन से महरूम कर देते हैं। गरीबों के उस राशन को खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं।

कोलसेत रोड, बालकुम पाड़ा के सहदेव धर्मा पाटील चाल स्थित सरकारी राशन की दुकान क्रमांक ४१,५९ एफ में विभाग के अधिकारियों द्वारा १६ फरवरी को छापेमारी की गई। छापेमारी में मिले दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की गई तो ५९ लाख ९६ हजार १२७ रुपए मूल्य के सरकारी राशन में हेरा-फेरी किए जाने का खुलासा हुआ है यानी गरीबों के राशन को खुले बाजार में बेच दिया गया है। इस मामले में विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर कापुरबावड़ी पुलिस ने दुकान मालिक बाबूलाल जेठालाल तथा दुकान चलानेवाले रमणीक लाल ठक्कर के विरुद्ध ठगी तथा जीवनावश्यक वस्तु अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# बॉलीवुड समाचार



## अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी' का शानदार ट्रेलर



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'केसरी' के काम में व्यस्त है. आज इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने इंटरनेट पर रिलीज कर दिया है. फिल्म में अक्षय का अंदाज बेहद शानदार है. एक सिख योद्धा के रूप में नजर आ रहे अक्षय बेहद जांबाज दिखाई दे रहे हैं. फिल्म में अक्षय सोल्जर ईशर सिंह की भूमिका में नजर आ रहे हैं. अक्षय ने इस फिल्म का ट्रेलर अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है. ट्रेलर को शेयर करके अक्षय ने लिखा, 'वीरता और बलिदान की अविश्वसनीय सच्ची कहानी जो पहले कभी बताई नहीं गई.' इस फिल्म की कहानी १८९७ में सारागढ़ी की लड़ाई पर आधारित है. दर्शकों को इस फिल्म में देशभक्ति का अलग ही रंग देखने को मिलेगा. फिल्म में अक्षय कुमार हवलदार ईशर सिंह की भूमिका में है. जहां वो ब्रिटिश भारतीय आर्मी में एक सिपाही थे और सारागढ़ी की पोस्ट पर तैनात थे. बता दे कि, इस लड़ाई में ब्रिटिश भारतीय सेना के २१ सिख जवानों ने १० हजार अफगानी सैनिकों से मुकाबला किया था. इस लड़ाई में सभी सिख जवान शहीद हो गए थे. फिल्म केसरी की स्क्रिप्ट को गिरीश कोहली और अनुराग सिंह ने मिलकर लिखी है. इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी नजर आएंगी. आपको बता दें कि फिल्म 'केसरी' २१ मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## अजय देवगन ने की बड़ी घोषणा, पाकिस्तान में नहीं रिलीज करेंगे 'टोटल धमाल'



अभिनेता-निर्माता अजय देवगन ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'टोटल धमाल' को पाकिस्तान में रिलीज नहीं करने की घोषणा की. यह फैसला पुलवामा हमले को देखते हुए लिया गया है जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ४९ जवान शहीद हो गए थे.

अजय ने ट्वीट कर कहा, 'मौजूदा स्थिति को देखते हुए 'टोटल धमाल' की टीम ने फिल्म को पाकिस्तान में रिलीज नहीं करने का फैसला किया है.'पुलवामा हमले का भी २०१६ में उड़ी में हुए हमले की तरह दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर असर पड़ा है.भारत में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) ने रविवार को कहा कि फिल्म निमार्ताओं को नृशंस हमले के बाद पाकिस्तान में अपनी फिल्में रिलीज करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.'टोटल धमाल' में माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर, बोमन ईरानी भी नजर आएंगे.

## शहीदों के बलिदान पर शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने कही ये बड़ी बात





**जम्मू** कश्मीर के पुलवामा जिले में १४ फरवरी, गुरुवार को सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकी हमले में तकरीबन ४० से भी ज्यादा सुरक्षाबल शहीद हो गए. हमला इतनी बर्बरता से कुया गया कि जिसने भी उस मंजर को देखा वो सहम कर रह गया. अब इस खबर के आने के बाद पूरे देश में शोक की लहर है. हर क्षेत्र से जुड़े बड़े से छोटे लोग इस हमले की निंदा करते हुए मृत सैनिकों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं. बॉलीवुड से हमारे सेलिब्रिटीज ने भी शहीद हुए जवानों के परिवारवालों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं.

यहां शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने भी ट्विटर के माध्यम से मृत सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया है. इन ट्वीट्स पर डालें एक नजर. शाहरुख खान: 'हमारे बहादुर जवानों के परिवारवालों के साथ मेरी संवेदनाएं. हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की आत्मा को भगवान शांति दे.'

आमिर खान: 'पुलवामा में हमारे सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकी हमले के बारे में पढ़कर मेरा दिल टूट गया है. ये बेहद दर्दनाक है. इस हमले में शहीद जवानों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि.' इस हमले बाद शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने मृति सैनिकों के परिवार वालों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शहीदों को नमन किया है.

एक्ट्रेस का शॉकिंग खुलासा

## सेक्शुअल डिमांड्स से तंग आकर छोड़ दी फिल्म इंडस्ट्री



मलयालम एक्ट्रेस कानी कुसृति ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए हैं और साथ ही इसपर कई आरोप भी लगाए हैं. कॉकटेल और शिखर जैसी नामचीन फिल्मों में नजर आ चुकी कानी ने तमिल फिल्म 'पिसासू' और 'बर्मा' जैसी फिल्मों में भी काम किया है. मीडिया में आई लेटेस्ट खबर के अनुसार, कानी ने फिल्ममेकर्स से सेक्शुअल डिमांड्स से परेशान होकर फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया. उन्होंने बताया कि फिल्ममेकर्स ने उन्हें अपनी बात मनवाने के लिए उनकी मां से भी संपर्क किया था. इसके बाद उन्होंने फैसला किया कि वो इस इंडस्ट्री से दूर हो जाएंगी क्योंकि अब वो यहां ज्यादा पैसे नहीं कमा पा रहीं थी. इसके बाद उन्होंने थिएटर से जुड़े रहने का निर्णय लिया.

फिल्म इंडस्ट्री में मी टू अभियान से आए बदलाव के बाद अब उन्हें उम्मीद है कि यहां महिलाओं के लिए काम करने के हालत पहले से सुधर जाएंगे. इसी के साथ फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करने वाली संस्था वीमेन इन सिनेमा कलेक्टिव के चलते उनकी उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं. तमिल फिल्म इंडस्ट्री से भी अब तक कई सारी महिलाओं ने यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के खिलाफ अपनी वाज उठाई. आपको बता दें कि कानू ने शॉर्ट फिल्म 'मां' में मुख्य भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीता. इस फिल्म का निर्देशन सर्जुन केएम ने किया था.

## पाकिस्तान पर फूटा कंगना रनौत का गुस्सा, कहा- पाकिस्तान का खात्मा होना तय है



जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोड़ कर रख दिया है. इस हमले में अपने सैनिक भाइयों को खो देने के चलते देश में शोक की लहर है. एक तरफ जहां इस हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए फिल्म इंडस्ट्री से कई सारे सेलेब्स ने ट्वीट करके अपना दुख व्यक्त किया है वहीं अब 'मणिकर्णिका' एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी इस हमले को लेकर अपना क्रोध प्रकट किया है. कंगना ने आतंकियों और पाकिस्तान पर तीखे शब्दों में प्रहार करते हुए चेतावनी दी है कि अब उद्देश्य पाकिस्तान बैन नहीं बल्कि पाकिस्तान का खात्मा होगा.

कंगना ने बयान जारी करते हुए कहा, 'पाकिस्तान ने न सिर्फ हमारे देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है बल्कि इस तरह से हमपर खुला प्रहार करके हमारे सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है. अब हमें एक विचारात्मक फैसला लेकर इसका हल निकालना होगा अन्यथा हमारी शांति को हमारी कमजोरी समझा जाएगा. आज भारत का लहू बह रहा है. हमारे बेटों की हत्या हमारे आत्मविश्वास का मजाक उड़ाने जैसा है. इस समय जो भी शांति और अहिंसा की बात करेगा उसका मुहं काला कर देना चाहिए, उसे गधे पर बिठाकर सडकों पर सभी से थप्पड़ खिलवाना चाहिए.'

आज जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने भी कराची आर्ट्स काउंसिल के 'कैफी आजमी प्रोग्राम' अटेंड करने के निमंत्रण को ठुकराते हुए पाकिस्तान का बहिष्कार किया. इस बारे में जब कंगना से पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'शबाना आजमी जिन्होंने अब इस सांस्कृतिक आदान - प्रदान को रद्द किया है, ये वही लोग हैं जो 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे गैंग्स को बढ़ावा देते हैं. जब उरी हमलों के बाद पाकिस्तानी कलाकारों को बैन किया गया है तब उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित किया ही क्यों? और अब ये चेहरा छुपा रहे हैं. फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई एंटी-नेशनल भरे पड़े हैं जो दुश्माओं के इरादों को बढ़ावा देते हैं लेकिन अभी समय है सही फैसला लेना और उसपर अमल करने का. पाकिस्तान बैन हमारा उद्देश नहीं बल्कि पाकिस्तान का खात्मा ही हमारा उद्देश्य है. आपको बता दें कि कंगना ने पुलवामा हमले के चलते अपनी फिल्म 'मणिकर्णिका' की सक्सेस पार्टी का फैसला भी रद्द कर दिया है.

## पुलवामा आतंकी हमला: नवजोत सिंह सिद्धू की तरफदारी करके फंसे कपिल शर्मा, भड़के फैंस ने कहा- 'बॉयकॉट कपिल शर्मा'





**सुमन मौर्या**

टीवी शो 'द कपिल शर्मा शो' से नवजोत सिंह सिद्धू के बाद अब कपिल शर्मा भी विवादों से घिर गए हैं. सिद्धू ने पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर जो बयान दिया था उससे पूरे देशभर में उनका विरोध किया जा रहा था. बात इतनी बढ़ गई कि सोनी टीवी ने शो से कुछ दिनों के लिए उनकी छुट्टी भी कर दी. एक तरफ सिद्धू के बयान की सभी तरफ आलोचना की जा रही थी वहीं उनके करीबी दोस्त कपिल शर्मा ने उनका समर्थन किया था. सिद्धू के सपोर्ट में कपिल ने कहा, 'हालांकि ये बहुत ही छोटी चीज है, या फिर प्रोपोगंडा होता है जिसमें इस तरीके की बातें आती हैं. मेरा मानना ये है कि किसी को बैन करना या नवजोत सिंह सिद्धू को शो से बाहर करना, इन बातों का सलूशन नहीं है. एक स्थायी समाधान मिलकर हमें देखना होगा.'कपिल के इस बयान के बाद अब इंटरनेट पर लोग भड़क उठे हैं. उनका कहना है कि उन्होंने सिद्धू का समर्थन करके बहुत गलत किया है. सोशल मीडिया पर अब नाराज लोगों ने सलमान खान से भी गुजारिश की है कि वो कपिल को भी कॉमेडी शो से बाहर कर दें.इतना ही नहीं लोग उनके विरोध में ट्वीट कर रहे हैं जिसके चलते #□□□□□ कपिल शर्मा अब ट्विटर पर ट्रेंड करने लगा है. लोगों का कहना है कि वो किसी भी रूप से किसी भी पाकिस्तानी प्रेमी या समर्थक को सपार्ट नहीं कर सकते हैं. गौरतलब है कि पुलवामा आतंकी हमले के मुद्दे पर बात करते हुए सिद्धू ने कहा था, 'आतंकवाद का कोई देश नहीं होता. आतंकियों का कोई मजहब नहीं होता. उनकी कोई जात नहीं होती. मारना हमेशा हल नहीं होता है. ये कायरतापूर्ण कार्य है और मैं इसकी निंदा करता हूं. जो भी लोग इस आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार हैं उनपर कार्रवाई होनी चाहिए.'

## छात्र हों या शिक्षक, परीक्षा केंद्र में मोबाइलबंदी



**मुंबई :** परीक्षा शुरू होने के पहले ही व्हॉट्सऐप पर पेपर लीक होने की घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार 'मोबाइलबंदी' का एलान राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल ने किया है। दसवीं-बारहवीं परीक्षा के दरम्यान केंद्र में छात्र हों या शिक्षक या फिर अन्य कर्मचारी कोई भी मोबाइल लेकर नहीं बैठेगा।

बता दें कि आज से शुरू होनेवाली बारहवीं की परीक्षा में कुल १४ लाख १९ हजार ३०६ विद्यार्थी बैठेंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद विद्यार्थी और शिक्षक दोनों को ही अपना मोबाइल फोन केंद्रप्रमुख के पास जमा करना होगा। यदि कोई भी शिक्षक जाने-अनजाने में मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करता है तो उस पर नियम अनुसार कार्रवाई किए जाने की बात शिक्षण मंडल की अध्यक्ष शकुंतला काले ने कही। पेपर लीक न हो इसलिए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि वे सहयोग करें। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो २२ मार्च तक वे इस नंबर २७८८१०७५, २७८९३७५६ पर सुबह ९ बजे से शाम ७ बजे तक कॉल कर सकते हैं।

**परीक्षागृह में खुलेगा सीलबंद पेपर**

पेपर लीक होने से रोकने के लिए सभी विषय के प्रश्नपत्रों के गट्ठे परीक्षागृह में विद्यार्थियों के समक्ष खुलेंगे। एक सीलबंद गट्ठे में २५ प्रश्नपत्र होंगे। गट्ठे को खोलने से पहले सुपरवाइजर दो विद्यार्थियों के हस्ताक्षर लेंगे।

**मुंबई विभाग से ३ लाख विद्यार्थी**

मुंबई विभाग से ३ लाख ३५ हजार ४२८ विद्यार्थी बारहवीं की परीक्षा देनेवाले हैं, इसमें विज्ञान शाखा के ९१ हजार १७८, आर्ट्स के ५४ हजार ५६, कॉमर्स और एमसीवीसी के १ लाख ८५ हजार ७७४ तथा ४ हजार ४२० अन्य विद्यार्थियों का समावेश है।

**लेट आनेवालों का क्या ?**

टीचर्स डेमोक्रेटिक फ्रंट के राजेश पंड्या ने कहा कि इस वर्ष भी बोर्ड ने यह साफ नहीं बताया है कि देरी से आनेवाले बच्चों का क्या? हॉल टिकट पर इन्हें इस बार यह सूचना लिखनी चाहिए थी ताकि विद्यार्थी समय पर अपने केंद्र पहुंचे।

## खुलेगा सेना का 'शिव'नेत्र, शिवरात्रि पर संग्राम!, ७ तक चांद-सितारे गर्दीश में

**मुंबई :** पुलवामा में आतंकी हमला कर हमारे जवानों की जान लेनेवाले पाकिस्तान की बर्बादी तय है। आगामी ४ मार्च को महाशिवरात्रि है और उस दौरान संग्राम होना तय है। भारतीय सेना का 'शिव' नेत्र खुलेगा और पाकिस्तान में इसका भयानक असर होगा। आगामी ३ मार्च से लेकर ७ मार्च तक का वक्त पाकिस्तान के लिए बहुत ही बुरा है। वहां चांद-सितारे गर्दिश में होंगे और विनाश के बादल मंडराएंगे। पाकिस्तान के दांत खट्टे होंगे और उसे भरपूर सबक मिलेंगे। यह भविष्यवाणी है प्रख्यात ज्योतिषी श्री संतबेतरा अशोका जी की, जिनके बारे में कहा जाता है कि इनकी ९० प्रतिशत से अधिक भविष्यवाणियां सटीक होती हैं।

इस संवाददाता से हुई बातचीत में श्री संतबेतरा ने बताया कि पहले भी कई बार ऐसा हुआ है जब दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब हुए थे और दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई थीं पर कुछ प्रमुख देशों के बीच-बचाव से युद्ध टल गया था। मगर इस बार स्थिति भिन्न है। सेना और देशवासियों के आक्रोश को देखते हुए मोदी सरकार कड़ा फैसला लेगी। इस बार सिर्फ सर्जिकल स्ट्राइक से कुछ बड़ा होगा जिससे पाकिस्तान कांप जाएगा। पाकिस्तानी पीएम इमरान खान का मुंठा इस समय अष्टम भाव में है जो उनकी स्थिति बद से बदतर कर देगा।

पाकिस्तान सरकार आतंकवादियों को खुला प्रश्रय देती है। उन्हें प्रशिक्षित करती है और कश्मीर में खून की नदियां बहवाती हैं। पिछले ४० वर्षों से भी ज्यादा समय से यह खेल चल रहा है। हर बार जब खून बहता है तो देश में आक्रोश बढ़ता है। दोनों देशों के बीच ब्लेम गेम चलता है, दो-चार आतंकी मारे जाते हैं और फिर सब कुछ ठंडा हो जाता है। मगर इस बार सीन काफी अलग है। पुलवामा में ५० से ज्यादा निर्दोष जवानों का खून बहाकर पाकिस्तान ने पूरे हिंदुस्थान को सुलगा दिया है। सेना फुल एक्शन के मूड में आ गई है। मगर क्या वो कोई कार्रवाई करेगी या पिछला किस्सा दोहराते हुए कुछ दिनों में चुप बैठ जाएगी? यह सवाल पूरे देश के सामने यक्ष प्रश्न बना हुआ है। ऐसे में अगर प्रख्यात ज्योतिषी श्री संतबेतरा अशोका जी की बातों पर यकीन करें तो इस बार मामला आरपार का है।

### सटीक भविष्यवाणियां

श्री संतबेतरा का कहना है कि उन्होंने २०१४ में एनडीए को ३३६ सीटें मिलने की बातें कही थीं तो लोगों को आश्चर्य हुआ था पर जब नतीजे आए तो सबका मुंह बंद हो गया था। अभी गत दिनों जब शिवसेना और भाजपा के बीच युति को लेकर पूरे देश में असमंजस की स्थिति थी तब उन्होंने कहा था कि युति होगी और युति हुई। २०१६ में उन्होंने कहा था कि २०१९ के चुनाव में मुद्दा विकास के साथ राष्ट्रवाद होगा और आज जो परिस्थिति है उसमें ये सच है।

### इमरान का हश्र

पाकिस्तान में असली सत्ता फौज के हाथ में रहती है और पीएम वहां सिर्फ उसकी कठपुतली होता है। हिंदुस्थान इमरान पर 'जैश-ए-मोहम्मद' के सरगना मौलाना मसूद अजहर व हाफिज सईद जैसे आतंकियों को सौंपने का दबाव डाल सकता है। अगर अंतर्राष्ट्रीय दबाव में इमरान ऐसा करने की कोशिश करते हैं तो उनकी जान भी जा सकती है। पाकिस्तानी सेना तख्ता पलट या उनकी हत्या जैसी साजिश को अंजाम दे सकती है।

### सिद्धू का भविष्य

जब से इमरान खान पाकिस्तान के पीएम बने हैं पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस के नेता व पंजाब सरकार के मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू विवादों में घिरते आए हैं। इस बारे में गत वर्ष श्री संतबेतरा ने भविष्यवाणी की थी कि २१ जनवरी २०१९ के बाद सिद्धू की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। पुलवामा अटैक के बाद सिद्धू ने बयान दिया और सोनी चैनल ने उन्हें कपिल शर्मा शो से निकाल बाहर किया। श्री संतबेतरा के अनुसार जल्द ही उन्हें कांग्रेस भी पार्टी से बाहर कर देगी।

## संक्षिप्त

### साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी BJP-शिवसेना, मुंबई में अमित शाह, उद्धव ठाकरे करेंगे ऐलान चुनाव २०१९

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव में शिवसेना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा रहेगी। बीजेपी और शिवसेना के बीच आम चुनाव साथ मिलकर लड़ने पर सहमति बन गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष अमित शाह और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे मुंबई में गठबंधन के बारे में औपचारिक घोषणा करेंगे। शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि दोनों पार्टियां साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हो गई हैं। मीडिया में ऐसी रिपोर्टें भी थीं कि सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के बीच सहमति नहीं बन पा रही थी।



संजय राउत ने कहा, 'भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और शिवसेना प्रमुख आज एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। आज की प्रेस कांफ्रेंस में गठबंधन पर घोषणा की जाएगी।' आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। सभी पार्टियां अपने गठबंधन और महागठबंधन को अमली जामा पहनाने के आखिरी दौर में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांटे की टक्कर होने वाली है। अगर महाराष्ट्र की बात की जाए तो भाजपा की अपनी सबसे पुराने सहयोगी पार्टी शिवसेना के साथ सीट बंटवारे को लेकर चल रहा गतिरोध अब समाप्त हो गया है। रिपोर्टों के मुताबिक लोकसभा चुनाव और इस साल के अंत में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। शिवसेना नेता संजय रावत के अनुसार, बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच सीटों के बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया गया है।

अमित शाह मुंबई से पहले जयपुर पहुंचेंगे और वहां पर पार्टी कार्यकर्तओं के साथ बैठक करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी और शिवसेना दोनों ही ५०-५० के फॉर्मूले के साथ चुनाव लड़ेंगे। हालांकि मुख्यमंत्री बनने को लेकर अभी भी दोनों दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई है। शिवसेना प्रमुख इस विचार का विरोध कर रहे है कि चुनाव के बाद अधिक सीटें प्राप्त वाली पार्टी को ही सीएम का पद चुनने का अधिकार मिले। शिवसेना का मानना है कि उनकी पार्टी को चाहे जितनी सीटें मिलें लेकिन सीएम उनकी पार्टी से ही बनेगा। अगर लोकसभा चुनावों की बात की जाए, तो शिवसेना ने बीजेपी से पालघर की सीट के लिए एसटी जाति के लिए आरक्षण की मांग की है। भाजपा ने २०१४ में यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा किया था। बीजेपी शिवसेना की मांगों को मान सकती है क्योंकि उसने पिछले साल राज्य में हुए उपचुनाव जीते थे। २०१४ में, शिवसेना ने २२ सीटों पर चुनाव लड़ा था और १८ में जीत हासिल की थी।

### पुलवामा अटैक: देश से बड़ा नहीं है वर्ल्ड कप, न खेले टीम इंडिया: अजहर और भज्जी

**नई दिल्ली,** हरभजन सिंह और मोहम्मद अजहरुद्दीन का कहना है कि पुलवामा में हुए आतंकी हमले में ४० सीआरपीएफ के जवानों की शहादत के बाद भारत को वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। दोनों क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि देश से बड़ा कोई क्रिकेट टूर्नमेंट नहीं हो सकता और ऐसे में भारत को वर्ल्ड कप में ही नहीं खेलना चाहिए।



भारतीय क्रिकेट में हरभजन सिंह पहला बड़ा नाम थे, जिन्होंने कहा था कि वर्ल्ड कप में भारत के पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। एक समाचार चैनल से बात करते हुए हरभजन ने कहा कि क्योंकि १६ जून को भारत का पाकिस्तान के साथ मुकाबला है और ऐसे में उसे वर्ल्ड कप का बॉयकॉट कर देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, 'सीधी सी बात है, क्या ज्यादा जरूरी है? क्या देश पहले आता है या भारतीय क्रिकेट? खेल को एक और रख दें। पहले हमें दूसरे मुद्दे सुलझाने चाहिए।'

हरभजन ने कहा, 'बात जब देश की आती है तो वर्ल्ड कप बहुत छोटा मुद्दा है। ४० जवान शहीद हो गए। उनकी जान की कीमत कौन चुका सकता है? हमें देश के साथ खड़ा होना चाहिए। अगर इस वजह से हम वर्ल्ड कप २०१९ में नहीं भी खेलते तब भी कोई बात नहीं।' उन्होंने कहा कि लोग हमें इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि हम भारत के लिए खेलते हैं।

इस बीच पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज ही नहीं बल्कि किसी भी स्तर पर नहीं खेलना चाहिए। उन्होने कहा, 'अगर हम पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल रहे हैं तो हमें उनके साथ कहीं भी नहीं खेलना चाहिए। मैं हरभजन के साथ सहमत हूं, वर्ल्ड कप देश से बड़ा नहीं हो सकता।'

### १९७१ युद्ध: जब पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय जवानों के आगे टेके थे घुटने

**नई दिल्ली,** मंगलवार को पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने पुलवामा हमले पर अपनी प्रतिक्रिया दी. यूं तो हर मसले पर ट्वीट करने वाले इमरान ने ५ दिन बाद इस हमले पर अपनी चुप्पी तोड़ी. इमरान ने कहा कि भारत सरकार ने बिना सबूत के पुलवामा हमले का आरोप पाकिस्तान पर लगाया. इमरान ने कहा कि भारत अगर इस हमले से जुड़े कुछ सबूत दे तो वह कार्रवाई करेंगे. उन्होंने साथ ही भारत को गीदड़ भभकी देते हुए कहा कि यदि भारत ने अगर पाकिस्तान पर हमला करेगा तो उनके देश के पास हमले का जवाब देने के स्थान पर और कोई विकल्प नहीं बचेगा. खान ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, 'अगर आप (भारत सरकार) सोचते हैं कि आप हम पर हमला करेंगे और हम जवाब देने के बारे में नहीं सोचेंगे..हम जवाब देंगे. हमारे पास जवाब देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचेगा. हम सभी जानते हैं कि युद्ध शुरू करना आसान है..लेकिन यह हमें कहां ले जाएगा, केवल ईश्वर जानता है.'

वैसे, इमरान खान शायद यह भूल गए कि इससे पहले भी भारत ने युद्ध के मैदान में पाकिस्तान को कई बार धूल चटाई है. १९७१ में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाया था. इस समय का एक वीडियो भी भ्द्लूलं पर अपलोड किया गया है जिसमें पाकिस्तानी सैनिक आत्मसमर्पण करते नजर आ रहे है. इमरान खान को भारत को युद्ध की धमकी देने से पहले ये वीडियो एक-बार जरुर देख लेना चाहिए. देखना चाहिए कि किस तरह भारतीय सेना ने उनके घमंड को तोड़ते हुए घुटने टेकने पर मजबूर किया था.

### आतंकियों और पत्थरबाजों के लिए मिसाल बने हजारों कश्मीरी युवा, सेना भर्ती में लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

**श्रीनगर:** पुलवामा आतंकी हमलें के बाद से जहां एक तरफ जम्मू और कश्मीर में तनाव का माहौल है. तो वहीं दूसरी ओर आज हजारों कश्मीरी युवाओं ने दहशतगर्दों के बहकावे में आकर आतंक का रास्ता चुनने वाले कश्मीर के नौजवानों के लिए बड़ा मिसाल पेश किया है.

जानकारी के मुताबिक इंडियन आर्मी की तरफ से निकाली गई १११ पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को कश्मीरी युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. यही वजह है कि देश के खातिर मर मिटने के लिए महज कुछ पोस्ट के लिए तक़रीबन २५०० कश्मीरी युवा भर्ती होने पहुंचे.

सेना भर्ती में हिस्सा लेने आए एक युवा बिलाल अहमद ने कहा कि हमें यहां पर परिवार को बचाने और देश की सेवा करने का मौका मिलेगा. किसी को इससे ज्यादा चाहिए ? वहीं एक दूसरे अभ्यर्थी ने कहा कि हम कश्मीर से बाहर नहीं जा सकते. यह हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है. हम उम्मीद करते हैं कि हमारे लिए और भी मौके आएं. अगर कश्मीरी लोगों को संवेदनशील इलाकों में तैनात किया जाएगा तो वह लोगों से बात कर सकते हैं और मौजूदा संकट को सुलझा सकते हैं. गौरतलब हो कि पुलवामा जिले में १४ फरवरी को सीआरपीएफ के काफिले में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने विस्फोटक लदे वाहन से सुसाइड हमला किया. जिसमें ४० से ज्यादा जवान शहीद हो गए. इसके बाद देशभर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के लिए आवाज तेज हो गई. इस बीच कश्मीरी छात्रों पर भी हमलें की खबरे सामने आई. हालांकि प्रशासन ने कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने के आदेश दिए है.

# पॉक्सो कोट ने बिहार के CM नीतीश कुमार के खिलाफ CBI जांच के दिए आदेश

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी फटकार

बता दें कि मामले की जांच में बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीतीश सरकार को जमकर फटकार लगाई थी और कहा था कि राज्य सरकार मामले में सही एफआईआर फाइल करने में असफल रही। साथ कोर्ट ने सरकार को २४ घंटे की मोहलत देते हुए आईपीसी की धारा ३७७ (रेप) और इध्ण्एध एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि अगर अपराध हुआ था तो आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा ३७७ और इध्ण्एध एक्ट के तहत अभी तक मामला दर्ज क?यों नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप (बिहार सरकार) क्या कर रहे हैं? यह शर्मनाक है। बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण किया जाता है। आप कहते हैं ऐसा नहीं है। आप यह कैसे कर सकते हैं। यह अमानवीय है। गौर हो कि पति चंद्रशेखर वर्मा के मुजफ्फरपुर शेल्टर होम स्कैंडल के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर के साथ करीब संबंध की खबरें सामने आने के बाद नीतीश सरकार की मंत्री मंजू वर्मा अगस्त में समाज कल्याण मंत्री पद से हट गयी थीं।



### TISS की रिपोर्ट के बाद हुआ था खुलासा

मुजफ्फरपुर में एक एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे आश्रय गृह में कई लड़कियों से कथित तौर पर बलात्कार और यौन उत्पीड़न किया गया। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट के बाद यह मामला गत वर्ष मई में प्रकाश में आया। गौरतलब है कि मुजफ्फरपुर शेल्टर होम यौन शोषण मामले में प्रमुख आरोपी ब्रजेश ठाकुर वहां रह रहे लड़कियों को छोटे कपड़ों में अश्लील गानों पर अश्लील डांस करने और अपने गेस्ट के साथ सेक्स करने के लिए मजबूर करता था। इसका खुलासा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दायर ७३ पन्नों की चार्जशीट से हुआ था। यह चार्जशीट POCSO कोर्ट में १९ दिसंबर को अतिरिक्त डिस्ट्रक्ट जज आर पी तिवारी के समक्ष पेश की गई।

**पटना :** बिहार स्थित मुजफ्फरपुर शेल्टर होम मामले की आंच सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंच गई है। कोर्ट ने मामले में सीएम नीतीश कुमार और दो अन्य नौकरशाहों के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। स्पेशल पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने शुक्रवार को एक स्वयंघोषित चिकित्सक अश्विनी के द्वारा दायर किए गए एक आवेदन जांच पर ये आदेश दिया है। बता दें कि बीते साल २०१८ में मुजफ्फरपुर शेल्टर होम सेक्स स्कैंडल का मामला पूरे देश में बेहद चर्चा में रहा था। इस आश्रय गृह में ३० से अधिक लड़कियों के साथ कथित रुप से बलात्कार किया गया था। अश्विनी शेल्टर होम में रहने वाली लड़कियों को नशीली दवाइयों का इंजेक्शन लगाकर उनका सेक्शुअली इस्तेमाल करता था। अश्विनी ने कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि इस मामले की जांच में सीबीआई सबूतों के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसके साथ ही इस याचिका में उसने मुजफ्फरपुर के पूर्व डीएम धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ आईएएस ऑफिसर अतुल कुमार सिंह, मुजफ्फरपुर के पूर्व डिवीजनल कमिश्नर, सामाजिक कल्याण विभाग के वर्तमान सचिव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम का भी जिक्र किया था।

मुजफ्फरपुर शेल्टर होम मामले में वकील सुधीर ओझा ने बताया कि आरोपी अश्विनी ने बिहार सीएम नीतीश कुमार, मुजफ्फरपुर जिले के मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह और सामाज्य कल्याण विभाग के मुख्य सचिव अतुल प्रसाद के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की थी। अब सीबीआई उनके खिलाफ जांच प्रक्रिया शुरू करेगी। पॉक्सो जज मनोज कुमार ने सीबीआई से इन उपरोक्त नामों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि बिहार के इस हाई-प्रोफाइल केस की जांच का जिम्मा ७ फरवरी को ही दिल्ली के साकेत स्थित पॉक्सो कोर्ट को दे दिया गया था। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होनी है।

### मायावती ने बीजेपी पर कसा तंज, कहा- महागठबंधन से घबरा कर पार्टी गठजोड़ के लिये दर दर की ठोकरें खा रही है

**नयी दिल्ली:** बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि सपा बसपा गठबंधन से घबराकर बीजेपी को अब लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न दलों के साथ गठबंधन करने के लिये दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही है. मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा ''बीजेपी द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु पहले बिहार, फिर महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पूरी लाचारी में दण्डवत होकर गठबंधन करना, क्या इनके मज़बूत नेतृत्व को दर्शाता है?''



उन्होंने बीजेपी की गठबंधन करने की मजबूरी का जिक्र करते हुये कहा ''वास्तव में बसपा-सपा गठबंधन से बीजेपी इतनी ज़्यादा भयभीत है कि इसे अब अपने गठबंधन के लिये दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है.''

### बुर्का पहनना सरकारी कर्मचारी को पड़ा भारी, लेडीज टॉयलेट में घुसते हुए रंगे हाथों पकड़ाया

**नई दिल्ली :** महिलाओं के लिए तय स्थानों पर पुरुषों के प्रवेश पर सख्त पाबंदी लगाई जाती है। अगर कोई पुरुष इस नियम का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है उसे पुलिस सजा देती है। ऐसी कई मामले रिपोर्ट होते हैं जिसमें पुरुष महिला टॉयलेट में घुसकर उनके साथ गलत काम का अंजाम देते हैं। हालांकि कई मामलों में वे बच निकलते हैं लेकिन कई मामलों में वे पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला गोवा से सामने आया है। गोवा पुलिस ने ३५ वर्षीय एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ बुर्का के भेष में महिला टॉयलेट में प्रवेश करने पर मामला दर्ज कर लिया है।

मामला पणजी के एक बस स्टैंड का है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को एक सरकारी कर्मचारी ने एक बुर्का पहन कर मुस्लिम महिला के भेष में बस स्टैंड पर स्थित लेडीज टॉयलेट के अंदर घुस गया। जब वहां मौजूद महिलाओं ने उसे पहचान लिया तो वे चिल्लाने लगीं जिसके बाद उसकी सच्चाई का पता चला।आरोपी की पहचान वर्जिल फर्नांडिज के तौर पर हुई है जिसे बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा ४१९ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।दरअसल जब यह व्यक्ति लेडीज टॉयलेट के अंदर घुसा तो वहां मौजूद महिलाओं ने उसकी हरकतों से पहचान लिया कि ये महिला नहीं बल्कि कोई पुरुष है। बस फिर क्या था उन्होंने शोर मचाया जिसके बाद बस स्टैंड पर मौजूद अन्य यात्रियों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

## शिवसेना ने दिया सेल्फ डिफेंस का ज्ञान, युवतियों डरना मना है

**ठाणे :** युवतियों.. डरना मना है, ऐसा आत्मविश्वास जगाते हुए बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने ठाणे के हजारों स्कूली व कॉलेजों की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का ज्ञान दिया। स्टंट के बादशाह मानेजानेवाले अक्षय कुमार के सिक्युरिटी फंडे ने छात्राओं का दिल जीत लिया। छात्राओं का आत्मबल बढ़ाने के लिए शिवसेना द्वारा ठाणे में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन रेमंड मैदान में बुधवार को शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे और अभिनेता अक्षय कुमार के हाथों किया गया।

इस अवसर पर शिवसेना नेता व पालकमंत्री एकनाथ शिंदे, महापौर मीनाक्षी शिंदे, उपमहापौर रमाकांत मढ़वी, स्थायी समिति सभापति राम रेपाले, आयुक्त संजीव जयसवाल, सांसद राजन विचारे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक प्रताप सरनाईक, रवींद्र फाटक, कल्याण जिलाप्रमुख गोपाल लांडगे, सभागृह नेता नरेश म्हस्के, शिक्षण समिति सभापति विकास रेपाले, नगरसेवक पूर्वेश सरनाईक, सिद्धार्थ ओवलेकर, गुरुमुख सिंह स्यान तथा भूषण भोईर आदि उपस्थित थे।

**छेड़छाड़ का प्रतिकार जरूरी -आदित्य ठाकरे**

शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे के मार्गदर्शन में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप शुरू किए जा रहे हैं। लड़कियां निडर बने, यही हमारा उद्देश्य है, उक्त बातें आदित्य ठाकरे ने कहीं। आपदा के वक्त समस्या से डरकर नहीं धैर्य से उसका सामना करने के लिए सेल्फ डिफेंस बहुत जरूरी है। आपदा के वक्त न ही डरो और न ही पीछे हटो। छेड़छाड़ हो या फिर छींटाकशी हो किसी भी अवस्था में प्रतिकार करना बेहद जरूरी है, ऐसा ज्ञान भी आदित्य ठाकरे ने मौजूद छात्राओं को दिया।

**सुरक्षा के ३ 'ए'**

इस अवसर पर अक्षयकुमार ने सरल और सीधी भाषा में सेल्फ डिफेंस कैसे करें? उसके टिप्स दिए। आपातकालीन स्थिति में केवल तीन चीजों का ध्यान देना होता है, जिसमें अवर्नेस, अषयुरेंस और आत्मविश्वास का समावेश है। इन ३ 'ए' का पालन करने से आप खुद की सुरक्षा आसानी से कर सकते हैं।

## सेमी एसी लोकल का आइडिया फ्लॉप!

**मुंबई :** लोकल ट्रेन से गिरकर होनेवाली मौत की घटना को रोकने के लिए रेलवे ने सेमी एसी लोकल का जो आइडिया लाया था वह फेल होता दिख रहा है। पहली बार सेमी एसी लोकल ट्रेन की बात की गई थी, जिसमें ६ डिब्बे सामान्य और ६ डिब्बे एसी लोकल की योजना बनी थी। रेलवे का इरादा था कि एक ही लोकल में सामान्य और प्रीमियम दोनों यात्री सफर कर सके लेकिन रेलमंत्री पीयूष गोयल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह आइडिया फिलहाल ठीक नहीं है।

**जल्दी होगी सप्लाई**

इंडिग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में एसी लोकल ट्रेनों का निर्माण शुरू है और उम्मीद है कि जल्दी ही ७ एसी लोकल पश्चिम और मध्य रेलवे पर आनेवाली हैं। इन्हीं ७ लोकल ट्रेनों से १४ सेमी एसी लोकल बनाने का इरादा था। इन ट्रेनों के पुर्जे हैदराबाद की कंपनी मेधा सप्लाई कर रही है। इसकी पहली ट्रेन जल्दी ही पहुंच रही है, जबकि बाकी की सप्लाई मई से नियमित हो जाएगी।

**समय ज्यादा, फायदा कम**

एसी लोकल सामान्य लोकल के मुकाबले ३५ सेकेंड ज्यादा समय तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी होती है क्योंकि इस ट्रेन के दरवाजे खुलने और बंद होने में भी वक्त लगता है। इसी ऑपरेशन के कारण पश्चिम रेलवे को सामान्य लोकल में बंद दरवाजेवाले सिस्टम को रोकना पड़ा था। एक अधिकारी ने बताया कि यदि सेमी एसी लोकल भी चलेगी, तो उसके ठहराव में उतना ही समय लगना है जितना एसी लोकल में लगता है तो पूरी एसी लोकल चलाना ही उचित रहेगा।

## 'स्लीपर' सेल के लूट का खेल आखिरकार खत्म

**मुंबई :** ११ साल से देशभर में घूम-घूमकर रेल यात्रियों का कीमती सामान चोरी करनेवाले एसी के 'स्लीपर' सेल के लूट का खेल आखिरकार खत्म हो गया। इस 'स्लीपर' सेल का सरगना एक सरदार निकला है, जो एसी कोच का रिजर्वेशन टिकट लेकर बड़ी ही चालाकी से ट्रेन में सफर कर यात्रियों के सोने का इंतजार करता था और जैसे ही यात्री सो जाते उनका सामान चोरी कर उसे जनरल या फिर स्लीपर कोच में बैठे अपने भाई को दे देता था। चोरी का सामान मिलते ही भाई गौरव फरार हो जाता था।

मुख्य आरोपी का नाम हरविंदर सिंह उर्फ सनी है जबकि उसके छोटे भाई का नाम गौरव है। आरोपी ने ११ सालों में ७५ बार रेल लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका था। सनी पिछले कई सालों से पुलिस और रेलवे के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ७५ में से २० लूट की घटनाओं इसने सिर्फ मुंबई डिवीजन में अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के हलदौर कस्बे का रहनेवाला सनी यहां की नगर पंचायत का सभासद भी था।

**ब्रिगेडियर की पत्नी को लूटना पड़ा भारी**

हालांकि उसकी किस्मत तब धोखा दे गई जब उसने सेना के एक ब्रिगेडियर की पत्नी से करीब १० लाख रुपए के गहने और नकदी लूटकर फरार हो गया। ब्रिगेडियर की पत्नी के साथ यह वारदात ११ फरवरी को हुई थी, जब वह हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद दूरंतो एक्सप्रेस से सफर कर रही थीं। इस लूट की घटना के बाद जीआरपी और पुलिस उसकी तलाश में जुट गई।



**निशाने पर हाई प्रोफाइल स्टेशन**

विजयवाड़ा जीआरपी ने इन दोनों की तलाश के लिए हैदराबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रैप बिछाया। दोनों आमतौर पर मुंबई, नागपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, दिल्ली, सिकंदराबाद जैसे हाई प्रोफाइल रेलवे स्टेशनों की ओर जानेवाली ट्रेनों में लूट की घटना को अंजाम देते थे। जीआरपी का अंदाजा सही निकला और ये दोनों हैदराबाद रेलवे स्टेशन पर ही घूमते पाए गए, जहां से इन्हें १६ फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि ११ फरवरी को लूट की घटना आखिरी नहीं थी, इसके बाद भी इन्होंने १३-१४ फरवरी की रात को नागपुर-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस से १.९० लाख की चोरी की। इसके अलावा मुंबई-शोलापुर सिद्धेश्वर एक्सप्रेस में १५ फरवरी को १.३० लाख की चोरी की थी। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद नागपुर जीआरपी के हवाले कर दिया गया।

हैरानी की बात है कि सनी जिस हलदौर नगर पंचायत से पार्षद था वहां के लोगों को उसके कामों के बारे में जानकारी ही नहीं थी।

# शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

जम्मू कश्मीर के पुलवामामे आतंकी हमले में शहीद सैनिकों को पूरा देश श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है आज देश का हर नागरिक इस घटना को लेकर गमगीन है मेरठ में भी जगह जगह शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा खेड़ा एव समस्त गांववासियों के नेतृत्व में आज गांव खेड़ा में आतंकी हमले में शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की सभी ने मोमबत्ती जलाकर पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा खेड़ा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पुलवामा की घटना को लेकर पूरा देश गमगीन है जगह जगह शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही है पाकिस्तान में बैठे आतकिवादियों के गुगै ने इस घटना को अंजाम दिया है भारत इसका करारा जवाब देगा और वहां कि सरकार को इसका अंजाम भुगतना होगा अब हम भी चुब नहीं बैठने



वाले हैं मोदी सरकार इसका बदला जरूर लेगी आज हम सभी देशवासियों को बहुत कष्ट पहुंचा है, जो पुलवामा में सैनिक शहीद हुए हैं उनके परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है. पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारत की जनता करारा जवाब देगी सभी देशवासी इस घटना से आहत हैं.

सभी के दिलों में बदले की भावना जागृत है केन्द्र सरकार ने सैना को खूली छूट देकर देशहित में काम काया है मोके पर अमित कुमार देवेन्द्र अर्जुन राहुल राजकुमार विशाल ओमबीर प्रधान बिरजू राकेश सोमपाल छोटू विशाल आदि गांववासी उपस्थित रहे.

## कुलभूषण जाधव केस पर ICJ में पाकिस्तान ने भारत पर लगाई झूठे आरोपों की झड़ी, बताया पेशावर हमले का दोषी

भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव के मामले में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में चार दिवसीय सार्वजनिक सुनवाई का आज दूसरा दिन है. सोमवार को शुरू हुई यह सुनवाई २१ फरवरी तक चलेगी. मामले में भारत ने सोमवार को अपना पक्ष रखा था. भारत ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि पाकिस्तान इस मामले में उचित प्रक्रिया के न्यूनतम मानकों को भी पूरा करने में असफल रहा है. भारत ने यह भी अपील की कि इंटरनेशनल कोर्ट पाकिस्तान के फैसले को गैरकानूनी घोषित करे. अब इस मामले में मंगलवार को पाकिस्तान अपना पक्ष रख रहा है. कुलभूषण जाधव मामले में पाकिस्तान ने कहा कि घ्ण्० में जाधव को लेकर जो प्रमुख सवाल पूछे थे, भारत ने उन सवालों के जवाब नहीं दिए.

पाकिस्तान की तरफ से अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर खान दलीलें पेश कर रहे हैं. घ्ण्० में पाक की तरफ से कहा गया कि कुलभूषण जाधव भारत की इंटेलिजेंस एजेंसी रॉ के ऑफिसर हैं. वह भारत के आदेश पर बलूचिस्तान में आतंकी हमला करने पहुंचे थे. पाक की तरफ से यह कहा गया कि यह बात खुद जाधव ने स्वीकार की है.

## पुलवामा आतंकी हमला: शरद पवार ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा-सर्वदलीय बैठक के दौरान कर रहे थे रैली



**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने पुलवामा आतंकी हमले के मद्देनजर NDA सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की. पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने कहा कि एक ऐसे गंभीर मुद्दे पर बैठक में शामिल होने के बजाए मोदी ने रैली को संबोधित करना चुना.

पवार ने यहां पत्रकारों से कहा, शनिवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी. असल में हमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री बैठक की अध्यक्षता करेंगे. मोदी बैठक में शामिल हो रहे हैं यह मान कर हम सब दिल्ली गए, क्योंकि यह (पुलवामा में आतंकी हमला) राष्ट्र पर हमला था.''उन्होंने कहा, ''वहां पहुंचने पर हमें मालूम हुआ कि प्रधानमंत्री बैठक में नहीं होंगे... जब सीआरपीएफ के ४० जवान शहीद हो गए और ऐसी गंभीर स्थिति थी तब प्रधानमंत्री को बैठक में मौजूद रहना चाहिए था, लेकिन वह (महाराष्ट्र के) धुले और यवतमाल में रैलियों को संबोधित कर रहे थे जहां उन्होंने हमारी आलोचना की.''बीजेपी-शिवसेना के गठबंधन के बारे में पूछने पर पवार ने कहा कि यह तो होना ही था. बीजेपी और शिवसेना ने सोमवार को अपने गठबंधन का ऐलान किया.



**विश्व हिंदू महासंघ मेरठ जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा जिला प्रभारी अमित उपाध्याय जिला सहप्रभारी संजीव कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद सैनिको को विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा जलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया,पाकिस्तान का पुतला फूंका गया एवम अंतिम में विनम्र श्रधांजलि अर्पित किया गया हमले में शहीदों को नमन करते हुये विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा खेड़ा ने कहा कि केन्द्र कि सरकार मे बैठे ५६ इंच सीने को अब पाकिस्तान को दिखाना होगा और चुन चुन चुन के आतंकवादीयो को मारना होगा तभी अपने भारत के शहीदों को और उनके परिजनों को शांति मिलेगी प्रधानमंत्री को यह जवाब उन शहीदो के परिजनों को देना होगा की आतंकवादीओ पर और पाकिस्तान मे बैठे उनके आकाओ को उनके घर मे घुस के सबक सिखाना होगा कब तक हमारे देश के सैनिक इस तरह से शहीद होते रहेंगे कितनी माओ कि गोद सूनी करेगे यह दहशतगर्द कितनी बहनो कि मांग सूनी करेंगे उनके बच्चो के आँख से आंसू खून बनकर बहते रहेगे अगर अबसे हमारे भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी कि आँखे न खुली तो इस देश कि जनता का विशवास खोने मे ज्यादा दिन नहीं लगेगा विश्व हिंदू महासंघ के जिला प्रभारी अमित उपाध्याय ने कहा कि इन सभी युवाओं का ये आक्रोश व्यर्थ नही जाऐगा उपस्थित लोग जिला उपाध्यक्ष प्रशान्त पवार उपाध्याय जिला सहप्रभारी संजीव कुमार ठाकुर मिश्रा अभिषेक त्रिपाठी विष्णु दत्त अमन गुप्ता नितेश कश्यप सूरज सिंह अमित कुमार मनोज कुमार रितेश कुमार रवि राजपूत मनीष पॉल राजन गुप्ता राजदीप विशाल अंकुर अशोक सुनील मोनू दीपक आदि लोग उपस्थित थे।**

# यूपी नहीं बल्कि मोदी-शाह के गढ़ गुजरात में पहली बार गरजेंगी प्रियंका गांधी, भाई राहुल संग २८ फरवरी को करेंगी रैली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी पहली जनसभा गुजरात में अपने भाई और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ २८ फरवरी को संबोधित करेंगी. इससे जनसभा में उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अमित शाह पर उनके गृह राज्य में हमला करने का अंदेशा है. अडालज के त्रिमंदिर मैदान में यह महारैली कांग्रेस की सर्वोच्च नियामक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की २८ फरवरी को अहमदाबाद में बैठक के बाद होगी. सीडब्ल्यूसी की ५१वीं महारैली आगामी आम चुनावों से ठीक पहले प्रस्तावित की गई है. इसमें पार्टी की लोकसभा चुनावों में रणनीतियों और तैयारियों पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा.

सीडब्ल्यूसी बैठक गुजरात में ६० सालों के बाद हो रही है और कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व जिसमें राहुल गांधी, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस के संसदीय दल के नेता मल्किार्जुन खड़गे, राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद और प्रियंका गांधी के साथ कई अन्य वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनावों के लिए मुद्दों और तैयारियों पर चर्चा करेंगे. रैली को प्रियंका




और राहुल के अतिरिक्त सोनिया गांधी भी संबोधित करेंगी. सोनिया ने इससे पहले पिछले साल नवंबर में तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के दौरान जनसभा संबोधित की थी. अडालज रैली से पहले राहुल गांधी ने १४ फरवरी को वलसाड जिले के आदिवासी लाल डूंगरी गांव में जनसभा की थी. इसी गांव में उनकी दादी इंदिरा गांधी ने १९८० में, उनके पिता राजीव गांधी ने १९८४ में और उनकी मां सोनिया गांधी ने २००४ में चुनाव अभियान की शुरुआत कर सत्ता हासिल की थी.

गुजरात में कांग्रेस विधायक और पार्टी प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि अडालज जनसभा हालिया समय की सबसे विशाल जनसभा होगी. गोहिल ने आईएएनएस से कहा, 'गुजरात के इतिहास की सबसे विशाल रैली के लिए तैयारियां जोरों पर हैं. गुजरात में जहां एक तरफ मोदी और भाजपा के खिलाफ नाराजगी स्पष्ट दिख रही है, वहीं जनता और कांग्रेस पार्टी कैडरों का उत्साह सातवें आसमान पर है.' उन्होंने कहा, 'पहली बार गुजरात की जनता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को एक मंच पर देखेगी.' पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव के पद पर नियुक्त होने के बाद प्रियंका ने अपने भाई राहुल और साथी महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ लखनऊ में ११ फरवरी को रोड शो किया था. अहमदाबाद से लगभग १५ किलोमीटर दूर स्थित अडालज रूदाबाई नामक सीढ़ीदार कुएं के लिए प्रसिद्ध है जो १४९८ में वाघेला राजवंश के राणा वीर सिंह की याद में बनाया गया था. यह गैर-संप्रदायिक त्रिमंदिर मंदिर के लिए भी जाना जाता है. त्रिमंदिर जैन, शैव और वैष्णव के साथ-साथ अन्य धर्मो के देवी-देवताओं की मूर्तियों का घर हैं.

# 'सब की खबरें' की ११वीं वर्षगांठ प्रेसक्लब मुंबई में धूमधाम से संपन्न

**संवाददाता**

**मुंबई ।** पिछले दिनों १५ फरवरी २०१९ को 'सब की खबरें' की ११वीं वर्षगांठ मुंबई के प्रेसक्लब में धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप से मुंबा देवी के प्रधान पुजारी हनुमंता बाबा के साथ-साथ भाजपा के मुंबई प्रवक्ता संजय ठाकुर उपस्थित थे, जिसमें हनुमंता बाबा के साथ-साथ संजय ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एड. विनय दुबे, दीनानाथ तिवारी (संपादक मेट्रो दिनांक), मंजू तिवारी (मुद्रक प्रकाशक मेट्रो दिनांक), डॉ. प्रशांत दुबे, समाजसेवक मोहन चौहान, डॉ. नॅक्सन नाटके (महाराष्ट्र प्रदेश प्रतिनिधि), समाजसेवक संजय ठाकुर, संतोष तिवारी (संपादक अभिमान भारत), पत्रकार पूजा पाण्डेय, सब की खबरें के यू.पी. चीफ ब्यूरो राजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. ब्रिजेश पांडेय, हरिमोहन




तिवारी, प्रमोद उपाध्याय, मनोज सिंह, सुनील दास, हनुमान कनौजिया, सीताराम कडलक, समाजसेविका नजीरा कुरैशी, विमलेश तिवारी, विवेक तिवारी, सूरज तिवारी, अमन तिवारी, रामदुलार यादव, पंचम विश्वकर्मा, शंकर सिंह, मुर्शिद अली शेख, पद्माकर दुबे, रामजी विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा के साथ-साथ राजनैतिक एवं शिक्षण जगत के कई मान्यवर एवं समाजसेवक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सब की खबरें के संपादक सत्यप्रकाश तिवारी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। समाजसेवक जयशंकर सिंह ठाकुर ने केक काटकर एवं शाल व गुलदस्ता देकर सत्य प्रकाश तिवारी का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने तालियां बजाकर भी स्वागत किया।

सभी मान्यवरों ने अपने अपने विचार रखे, जिसमें मुख्य अतिथि मुंबादेवी मंदिर के पुजारी हनुमंता बाबा ने सब की खबरें की ११वीं वर्षगांठ पर बधाई दी, उन्होंने कहा कि सब की खबरें का मुंबादेवी मंदिर के प्रांगण से शुरुआत हुआ, जो आज लगातार चल रहा है। मां मुंबादेवी का आशिर्वाद हमेसा सब की खबरें व संपादक सत्य प्रकाश तिवारी पर बनी रहे यही हमारा आशिर्वाद है। इसके बाद मेट्रो दिनांक के संपादक दीनानाथ तिवारी ने भी अपने




विचार रखे और कहा कि पेपर चलाना मामूली काम नहीं है, इसलिए सभी लोगों को विज्ञापन देकर मदद करना चाहिए। पेपर हमेशा निष्पक्ष लिखता है, किसी के दबाव में नहीं रहता, केवल लोग अपनी सोच बदलें। आगे एड. विनय दुबे ने पुलवामा में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा किया।

# पाकिस्तान का बुरा वक्त शुरू: करोड़ो की खजूर बोर्डर पर अटकी, PAK में मचा हाहाकार

जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले की नींदा पूरी दुनिया कर रही है. चारोतरफ पाकिस्तान की आलोचना हो रही है. पाकिस्तान की कमर तोड़ने के लिए भारत ने एमएफएन यानी मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले लिया. वहीं पाकिस्तान से आयातित होने वाले सभी सामानों पर सीमाशुल्क तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर २०० प्रतिशत कर दिया. वहीं सीमाशुल्क बढ़ाने से पाकिस्तान से भारत को किया जाने वाले निर्यात पर काफी बुरा असर पड़ना शुरू हो गया. पाक मीडिया की खबर के अनुसार बाघ बोर्डर पर करोड़ो का खुजूर (छुहारा) पड़ा हुआ है. जिसे भारत नहीं भेज पा रहा है पाक.

पाकिस्तानी मीडिया अब भारत सरकार को जमकर कोस रही है. उनका कहना है कि भारत ने सीमाशुल्क तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर २०० प्रतिशत कर दिया.



जिसके कारण अब करोड़ो का माल पाकिस्तान के गोदाम, ट्रक और बाघा बोर्डर पर पड़े-पड़े सड़ रहा है. अगर इसे नहीं हटाया जाता है तो पाक व्यपारीयों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ जाएगा. पाक मीडिया अब इस घाटे को लेकर लगातार राग अलाप रही है.

गौरतलब हो कि पाकिस्तान से भारत को साल २०१७-१८ में ३,४८२.३ करोड़ रुपये यानी ४८.८५ करोड़ डॉलर का निर्यात किया गया था. वहीं १.९२ अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया था. बता दें कि भारत-पाकिस्तान का कुल व्यापार २०१६-१७ में २.२७ अरब डॉलर से मामूली बढ़कर २०१७-१८ में २.४१ अरब डॉलर हो गया है. भारत मुख्य रूप से कपास, डाई, रसायन, सब्जी, लौह और इस्पात का निर्यात करता है जबकि फल, सीमेंट, चमड़ा, रसायन और मसालों का आयात करता है.

# बांग्लादेश में रासायनिक गोदामों में लगी आग, ७० लोग जिंदा जले

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक पुराने इलाके में रासायनिक गोदामों के रूप में इस्तेमाल होने वाली अनेक इमारतों में बुधवार रात को भयानक आग लगने से कम से कम ७० लोग मारे गए। दमकल अधिकारियों ने बताया कि ढाका के पुराने इलाके चौकबाजार में एक मस्जिद के पीछे हाजी वाहिद मैंशन नाम की चार मंजिला इमारत के भूतल पर रासायनिक गोदाम में आग लगी और तेजी से एक सामुदायिक केंद्र समेत आसपास की चार अन्य इमारतों में फैल गई। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) के अधिकारियों ने कहा कि इलाके में रसायनों के कई गोदाम होने से आग तेजी से फैली।

उन्होंने बताया कि इस भयानक आग में मृतकों की संख्या बढ़कर ७० पर पहुंच गई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि दर्जनों लोग इमारतों में फंसे हुए हैं और दमकलकर्मी अभी तक वहां नहीं पहुंच



पाए हैं जहां आग लगी। बांग्लादेश दमकल सेवा के प्रमुख अली अहमद ने बताया कि ढाका के पुराने इलाके चौकबाजार में आग गैस सिलेंडर से लगी होगी जिसके बाद वह तेजी से पूरी इमारत में फैल गई जहां ज्वलनशील पदार्थ भंडार करके रखे हुए थे। उन्होंने कहा, 'आग की लपटें उससे जुड़ी चार इमारतों तक भी फैल गई। इनका रासायनिक गोदामों के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। जब आग लगी तब ट्रैफिक जाम लगा हुआ था इसलिए लोग भाग नहीं पाए।'

टीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक इमारत का मुख्य द्वार बंद है जिससे लोग अंदर ही फंसे रह गए और भाग नहीं पाए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पीड़ितों में इमारत के पास से गुजर रहे लोग, नजदीक के ही रेस्त्रां में खाना खा रहे लोग और एक शादी समारोह के कुछ सदस्य शामिल हैं। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बर्न यूनिट और सर सलीमुल्ला मेडिकल कॉलेज में ५० से अधिक घायलों का इलाज चल रहा है। इमारत से कूदने के कारण कई लोग घायल हो गए।

इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि दमकल की ३७ गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुई लेकिन संकरी गलियां होने के कारण उन्हें घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत हुई। उन्हें आग पर काबू पाने के लिए हेलीकॉप्टरों और लंबे पाइपों का इस्तेमाल करना पड़ा। दमकल सेवा और सिविल रक्षा के निदेशक एकेएम शकील नवाज ने बीडीन्यूज२४ को बताया कि आग नियंत्रण में है लेकिन कई इमारतों में भंडार करके रखे रसायनों की वजह से पूरी तरह बुझी नहीं है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिस पांच मंजिला इमारत में आग लगी उसमें नुकसान पहुंचने के कारण उसके ढहने का खतरा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इमारत की पहली मंजिल का इस्तेमाल प्लास्टिक के सामान, कॉस्मेटिक्स और परफ्यूम के गोदाम के रूप में किया जाता था।

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®
Jogeshwari
★ We Have No Branch ★
Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046
: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.
Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह